हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

# 16 किसानों के तालाबों में दर्ज थी धान फसल, भौतिक सत्यापन में खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान को लेकर जारी प्रशासन की कार्रवाई के बीच बड़ा मामला सामने आया है, जहां 16 किसानों ने अपने खेत में बने तालाब में भी धान की फसल का पंजीयन करा रखा था। मत्स्य विभाग की टीम द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में यह मामला खुला कि तालाब में धान की फसल ली ही नहीं गई है। जिसके बाद अब प्रशासन दर्ज रकबे को समर्पण कराने में जुट गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के अलग-अलग गांव से यह मामला सामने आया है। जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर मत्स्य विभाग की टीम ने किसानों द्वारा सब्सिडी लेकर खेत में बनाए गए तालाबों का भौतिक सत्यापन शुरू किया था। किसानों के खेत में जब टीम पहुंची तो उन्होंने पाया कि कई किसानों ने जहां तालाब बनाने के लिए सब्सिडी ले रखी है। वहीं तालाब के रकबे का भी धान फसल को लेकर पंजीयन कराया है। जिसके बाद ऐसे किसानों की सूची तैयार कर ली गई है।

## सभी किसानों से दर्ज धान रकबे का समर्पण कराएगा प्रशासन



### इन गांव के किसान शामिल

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक ऐसे कुल 16 किसान मिले हैं। जिनकी 14.638 हेक्टेयर रकबे में तालाब की जगह धान का रकबा दर्ज था। हालांकि अब भौतिक सत्यापन के बाद किसानों से संवाद कर इन धान के रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। जिससे किसान धान नहीं होने के बावजूद धान केंद्रों में खपा ना सकें। इनमें नवागांव, सेलपार, सीतागोंटा, कनेरी, गुंडरी, बुढ़ानछापर, भालूकोन्हा, पीटेपानी, घम्पुरा, सेनडोंगर, बागरेकसा, मोहनपुर, फारुटोला जैसे गांव शामिल है। बताया गया कि इन गांव के कुल 33 किसानों के खेत में पहुंचकर टीम ने भौतिक सत्यापन किया था। जिसमें 16 किसानों के खेत में बनाए गए तालाब में भी धान की फसल दर्ज होना पाया गया था।

### अब तक 6000 एकड़ का समर्पण

उल्लेखनीय है कि जिले में प्रशासन लगातार किसानों से धान का रकबा समर्पण कराने में जुटा हुआ है। जिले की स्थिति भी प्रदेश में बेहतर बनी हुई है। अब तक जिले में लगभग छह हजार एकड़ रकबा का समर्पण करा लिया गया है। वहीं बुधवार को भी जिले के छुरिया ब्लॉक के एक किसान से 48 एकड़ रकबा का समर्पण कराया गया है। बताया गया कि उक्त किसान के खाते में कुल 81 एकड़ खेत है, लेकिन उसने 33.40 एकड़ रकबा में ही धान की फसल ली है। जिसके चलते अन्य रकबे का समर्पण उसने कर दिया है।

### खैरागढ़ जिले में उठाव सुस्त, जाम की स्थिति

ज्ञात हो कि पिछले 15 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हुई धान की खरीदी में अब तक अविभाजित जिले में लगभग 45 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है, लेकिन उठाव महज पौने तीन लाख क्विंटल का ही किया गया है। जिसके चलते तीनों जिलों के उपार्जन केंद्रों में जाम के हालत निर्मित होने लगे हैं। हालांकि सबसे बुरी स्थिति खैरागढ़ जिले की बताई जा रही है, जहां पौने 15 लाख क्विंटल धान खरीदी होने के बाद भी महज 27 हजार क्विंटल धान का ही उठाव किया गया है। जिसके चलते जिले के 51 उपार्जन केंद्रों में अधिकांश में बफर लिमिट पार हो गई है। राजनांदगांव जिले में 24.54 लाख क्विंटल खरीदी बाद 2.32 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## केबल तार, पंप चोरी के फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। ग्रामीण इलाके के खेत से केबल तार, पंप चोरी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी एवं ग्राम ईरा में ग्रामीणों द्वारा 9 से 12 दिसंबर के मध्य ग्राम खुटेरी-ईरा खार से 15 किसानों के खेत से 1 नग सबमर्सिल पंप, 2 नग सोलर झटका मशीन, पानी मोटर पंप तथा करीबन दो हजार फीट केबल चोरी के फरार आरोपियों की पता तलाश करने पुलिस की टीम गठित कर प्रकरण के फरार आरोपी दीनू मेश्राम उर्फ पिंटू उर्फ दुर्लभ 25 साल निवासी लखोली, मयूर कसार 29 साल निवासी लखोली व हुसैन 39 साल निवासी टेडेसरा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिनके विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय से ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण से चोरी के केबल तार को जब्त किया गया है।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| सेल्समैन | 1. खैरागढ़ | 3 पद | 4. गण्डई | 3 पद |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | 2. जालबांधा | 2 पद | 5. छुईखदान | 3 पद |
| | 3. घुमका | 2 पद | 6. साल्हेवारा | 2 पद |


नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
9977184777, 8120006476, 9406011166

सुमीत बाजार™



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹ 999 प्रति पीस वाले
किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज
पॉलीकोट बेडशीट 1+2 सेट ₹333
1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.
5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
सुमीत मंडी परिसर बसंतपुर रोड, राजनांदगांव

बधाईयाँ
जिला राइस मिल एसोसिएशन
राजनांदगांव



सर्वसम्मति से चुने जाने पर हार्दिक शुभकामनाएँ...
आशीष खण्डेलवाल
अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज n प्रोसेसिंग प्रायवेट लिमिटेड
( अध्यक्ष )



मनदीप अरोरा
अरोरा इंडस्ट्रीज, डोंगरगढ़
( उपाध्यक्ष )



अमित अग्रवाल
अतुल राईस मिल
( उपाध्यक्ष )



विक्की डागा
माँ लक्ष्मी राईस मिल
( सचिव )



रिची भाटिया
रिची राईस मिल
( कोषाध्यक्ष )

शुभेच्छु : एक शुभचिंतक, राजनांदगांव
खण्डेलवाल, 95843-10101


हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि
पाठकों के
विश्वास के 24 वर्ष
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक शुभचिंतक

## खबर संक्षेप

### झंडातलाव मड़ई 29 को

**एलबी नगर।** ग्राम झंडा तलाव में मंडई मेला का आयोजन आगामी 29 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी ग्राम बेंदाड़ी का मंचन होगा। यह जानकारी सरपंच मोटिंबाई वर्मा ने देते हुए आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### गरगरा घाट में वाहन पलटा



**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा नर्मदा के मध्य ग्राम जंगलपुर के गरगरा घाट में बुधवार को एक ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गया। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनके 5568 साल्हेवारा की ओर से मटर भर कर नर्मदा गंड़ई की ओर जा रहा था । जो गरगरा घाट में अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया कि घाट में वाहन की रफ्तार अधिक एवं कोहरे के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और हादसा हो गया। हादसे में किसी की हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

### दिलीप बने जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने गत दिनों जिला अध्यक्षों का मनोनयन किया है। राजनांदगांव जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम अमलीडीह के दिलीप साहू का मनोनयन किया है। उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, टोमन साहू, दिनेश साहू, विजय जैन, मनीष साहू, देवलाल साहू, घनश्याम यादव, अश्वनी शेरपा, मनीष पटेल, टामेश्वर साहू, बीरेन्द्र साहू, कुलेश्वर निषाद, श्रवण निषाद, चुन्नी यदु, मोमेश साहू, भावेश आदि ने बधाई दी है।

### गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन

**अर्जुनी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम किरगी में सहस्त्रवेदी गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा थे। प्रारंभ में नीलिमा सिन्हा ने भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात श्री सिन्हा ने गायत्री यज्ञ एवं गायत्री महिमा का बखान किया । नशा नहीं करने, सनातन के उत्थान के लिए सहयोग करने ग्रामीणों को प्रेरित किया। नीलिमा सिन्हा गोदावरी साहू एवं भेषकुमारी साहू के भजन में लोग झूमते नजर आए। तत्पश्चात वैदिक मंत्रों से देव शक्तियों का आवाहन कर 1001 दीपों से वेद माता गायत्री की आरती की गई। अंत में साहित्य एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंगल महला, चैनसिंह गंजीर एवं केदार साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### छात्रों ने लगाए फूड स्टॉल



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने अनोखी पहल करते हुए फूड स्टॉल और औद्योगिक दृष्टिकोण से जुड़े स्टॉल लगाए। रचनात्मकता और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाले आयोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ औद्योगिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू के अलावा राजेंद्र वर्मा, फिरन वर्मा, रीता देशमुख, प्राचार्य ओपी गुप्ता, संजय देंगावन, नवीन राजपूत एवं रवि प्रकाश चतुर्वेदी आदि ने शिरकत की। मुख्य अतिथि श्री साहू ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से स्वरोजगार की भावना जागृत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

### जेसीबी से कार्य कराने का आरोप

**डोंगरगढ़।** वन विभाग द्वारा छोटे तालाबों के निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत मिली है।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज सिंह ने कलेक्टर से इस संबंध में शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि वन विभाग द्वारा तालाब निर्माण में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम खोलागढ़ क्षेत्र में भूजल संरक्षण के उद्देश्य से तालाब निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार देना था किन्तु विभाग द्वारा जेसीबी से खुदाई कराई जा रही है, जिससे मजदूर रोजगार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत 12 दिसंबर को जेसीबी से जब खुदाई काया जा रहा था तब मौके पर रेंजर भी उपस्थित थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### उपचार के लिए छात्राएं जिला चिकित्सालय में दाखिल

# छात्राओं का बेहोश होना सतत जारी, कलेक्टर पहुंचे स्कूल

## अब तक कारण का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

प्राथमिक शाला खैरबना की छात्राओं के बेसुध होने के मामले पर प्रशासन गंभीर हो गया है। बुधवार को कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी आशीष शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल खैरबना स्कूल पहुंचे और समस्या से अवगत हुए। शिक्षक, छात्र एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्या को समझने का प्रयास किया।

ज्ञात हो कि सप्ताह भर से छात्राओं के बेसुध होने तथा असामान्य हरकत करने की शिकायत लगातार बढ़ते जा रही है। पहले दो चार छात्रा इससे ग्रसित थी किन्तु अब दर्जन भर से अधिक छात्राएं बेसुध हो रही है। बुधवार को आधा दर्जन छात्राओं में यह समस्या देखने मिली। यह समस्या तीसरी एवं चौथी के छात्राओं में अधिक होना पाया गया है।



#### चिकित्सालय में छात्राओं की जांच

चिकित्सिक टीम ने बुधवार को भी छात्राओं की सेहत को परखा। सभी छात्राओं को बेहतर पाया गया पर बेसुध होने का कारण ज्ञात नहीं हो सका। बुधवार को डां. हसन, विनय रामटेके, ब्रजेश ताम्रकार, कालेश्वर वर्मा ने स्वास्थ्य जांच किया। उन्होंने बताया कि बच्चे स्वस्थ्य हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर चिकित्सा टीम पुनः स्कूल पहुंची और करीब आधा दर्जन छात्र की जांच कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गई।

#### अध्यापन जारी रखने के निर्देश

बीईओ गिरेन्द्र सुधाकर ने बुधवार को खैरबना स्कूल पहुंचे और छात्राओं एवं शिक्षकों की परेशानी को जाना। उन्होने जो छात्राएं बेसुध होती है उन्हें एक दो दिन अवकाश देकर उनकी सेहत परखने कहा। उन्होंने कुछ दिन बालकों का कक्षा लगाने तथा छात्राओं को अवकाश देने की सलाह दी ताकि शेष छात्रों की पढ़ाई जारी रहे।

# ब्लड बैंक शुरू नहीं

▪ भवन बनकर तैयार



**छुईखदान।** नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांगों के बाद बने ब्लड बैंक भवन का उद्घाटन तो हो गया, लेकिन संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है जिससे जनता में आक्रोश और निराशा बढ़ रही है।

ब्लड बैंक भवन के निर्माण पर लाखों खर्च किए गए। भवन बनकर तैयार हो गया है। यहां बिजली-पानी की व्यवस्था है, फिर भी भवन में ताले लगे हैं। आमजन पूछ रहे हैं कि जब सब तैयार है, तो ब्लड बैंक आखिर कब खुलेगा? उल्लेखनीय है कि नगर के हृदय स्थल में स्थित अस्पताल को हटाकर लगभग दो किलोमीटर दूर कर दिया गया है जिससे बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों की परेशानी बढ़ गई। शहर में तत्काल उपचार की सुविधा समाप्त हो गई है।

#### शहर का अस्पताल बंद

नगरवासियों का कहना है कि वह जिला अस्पताल की मांग कर रहे थे किन्तु शहर के पुराने अस्पताल को ही बंद कर दिया गया। अस्पताल में सुविधाएं घटती गईं, डॉक्टरों की संख्या कम होते गई और अब हालात यह है कि सामान्य इलाज के लिए भी लोगों को दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ रहा है।

#### इस्तीफा के बाद डॉक्टरों की कमी

हास्पिटल की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने एक डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया, जिससे स्वास्थ्य सेवा कमजोर हो गई। डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर होना पड़ता है।

#### ब्लड बैंक बंद, आपात स्थिति में खतरा

ब्लड बैंक जैसी आवश्यक सुविधा के अभाव में दुर्घटना, प्रसव, ऑपरेशन एवं गंभीर बीमारियों जैसे मामलों में मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। खून की व्यवस्था के लिए परिजनों को राजनांदगांव, कवर्धा या रायपुर तक भटकना पड़ता है। जिसके बाद भी ब्लड बैंक चालू नहीं किया जा रहा है जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन का रूख समझ से परे है। नगरवासियों ने ब्लड बैंक शुरू करने, ब्लड बैंक में डॉक्टरों और स्टाफ की नियुक्ति, शहर में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की है।

# विशाल सुराना बने खंड प्रमुख



▪ हिन्दू जागरण मंच में पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

हिन्दू जागरण मंच की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जानकारी के अनुसार विशाल सुराना को खंड संयोजक, अभिषेक अग्रवाल, राजेश चौहान को सह संयोजक बनाया गया। निखिल शर्मा को खंड सूचना एवं संपर्क आयाम प्रमुख, जय मेश्राम को खंड युवा प्रमुख, सचिन सोनकर को खंड संपर्क आयाम प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। महिला आयाम में सविता धनगड़ को महिला आयाम प्रमुख तथा अलका सहारे, लक्ष्मी यादव, सुलभा सिंह, उमरावती शाह को महिला आयाम टोली में शामिल किया गया। बैठक में सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, हेमलाल ढीमर, विष्णु सिन्हा, सविता बोस, मौसमी शर्मा, जुगल गुप्ता, राजू साव, आनंद गुप्ता, गोविंद यादव, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली सहित अन्य शामिल हुए।

# अपात्रों को पीएम आवास निर्माण की अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए जारी की गई भवन अनुज्ञा विवादों के घेरे में है। नगर पंचायत ने हाल में 33 हितग्राहियों को मकान बनाने हेतु अनुज्ञा पत्र जारी किया गया था। वितरण शुरू होते ही पक्षपात और नियमों की अनदेखी के आरोप लगने लगे।

नगर पंचायत ने 33 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा जारी किया किन्तु नगर में सबसे अधिक चर्चा वार्ड 15 को लेकर है। वार्डवासियों का आरोप है कि ऐसे व्यक्तियों को भवन अनुज्ञा जारी कर दी गई है, जो न तो वार्ड के निवासी हैं और न उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। लोगों का कहना है कि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिलने के बजाय रसूखदारों और करीबियों को दिया जा रहा है।




#### आपत्ति की जांच कराएंगे

सीएमओ अविनाश देवांगन का कहना है कि भौतिक सत्यापन और जियोटेक कराकर दस्तावेज ऊपर भेजा गया था, तत्पश्चात अनुज्ञा पत्र जारी हुआ है। यदि आपत्ति आती है तो पुनः जांच करवा दिया जाएगा।

#### योजना का दोबारा लाभ

नगर में चर्चा है कि कुछ ऐसे परिवारों को भी लाभ दिया गया है जो पहले ही आवास योजना का फायदा उठा चुके हैं। इस आरोपों में सच्चाई है, तो यह योजना के उद्देश्य का उल्लंघन है। अब देखना है कि प्रशासन सूची की पुनः जांच करता है या नहीं?

#### पार्षद की भूमिका पर सवाल

वार्डवासियों ने पार्षद दिलीप ओगरे पर निशाना साधते हुए कहा कि वार्ड 15 की मतदाता सूची में जिनका नाम नही है और वह वार्ड के निवासी है उन्हें भी भवन अनुज्ञा जारी किया गया जिसमे पार्षद की मौन स्वीकृति है। अपात्रों को सूची में शामिल करने पर मिलीभगत की आशंका व्यक्त किया गया है। इस मामले में अब तक किसी शिकायत नहीं की है। लेकिन प्रशासन की कार्यप्रणाली जनचर्चा में है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के नियमानुसार हितग्राही का वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है। परिवार के पास पक्का मकान नहीं होना चाहिए। परिवार के किसी सदस्य ने इस योजना या किसी अन्य आवास योजना का लाभ लिया है, तो वह दोबारा पात्र नहीं होंगे। स्थानीय मतदाता सूची में नाम और आधार कार्ड पर अंकित पते का सत्यापन अनिवार्य है।

# शेष पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण और उप संचालक लोक शिक्षण से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी संवर्ग की शेष पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करने, पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है। इस मौके पर उप संचालक आशुतोष चावरे, एएन बंजारा, सहायक संचालक एचसी दिलावर, एडी कुर्रे ने कहा कि अभी प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति, व्याख्याता पदोन्नति का प्रयास किया जा रहा है। टीईटी के विषय मे शिक्षक घबराएं नही बल्कि उनके हित में है। उन्होंने अन्य मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।



#### पुरानी पेंशन का लाभ नहीं

प्रतिनिधि मंडल ने यह भी बताया कि पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रथम नियुक्ति अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित करने की मांग रखा। मुलाकात के दौरान हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, किसन देशमुख उपस्थित थे।

# गुरू घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरू घासीदास की 269वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के अनुयायी शामिल हुए।

शहर के जिला सतनाम भवन से निकली शोभायात्रा की अगवानी समाज के धर्म गुरूओं ने बाबा का ध्वज लेकर किया। शोभायात्रा के दौरान बाबा गुरु घासीदास के भजनों में समाज के लोग जमकर झूमे। गुरू घासीदास जयंती के पूर्व संध्या पर निकली इस शोभायात्रा में काफी उत्साह नजर आया। शोभायात्रा जिला सतनाम भवन से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शहर के महावीर चौक पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने समाज के लोगों को घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।



#### शोभायात्रा में आकर्षक पंथी नृत्य

शोभायात्रा के दौरान समाज के बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य किया गया। वहीं युवाओं ने अखाड़े का प्रदर्शन भी किया। शोभायात्रा देर शाम तक शहर में भ्रमण करती रही। शोभायात्रा में समाज द्वारा झांकी भी बनाई गई थी। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिला सतनाम भवन में सामाजिक ध्वजारोहण और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## स्वस्थ्य रहने के लिए खेल जरूरी : सांसद पांडे

# सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगाव

सांसद संतोष पाण्डेय ने सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत दक्षिण कौशल फुटबाल संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सांसद श्री पाण्डेय ने उद्घाटन मैच का विधिवत टॉस कराकर प्रारंभ कराया। महोत्सव अंतर्गत फुटबाल प्रतियोगित में महाराष्ट्र 11 अकोला, नागेश 11 कोंडागांव, ब्रम्हविद रायपुर, एमईजी बैंगलुरू, एसटीएफसी जम्मू एण्ड काश्मीर, चक्रधरपुर, नर्मदा स्पोर्टिंग जबलपुर, मैसूरम क्लब हैदराबाद की टीम शामिल हो रही है।

शुभारंभ के मौके पर सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है। प्रधानमंत्री सभी खेलों और खिलाडियों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, सागर वर्मा, गुलशन हिरवानी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डिकेश साहू, दिलीप साहू, महेश्वर साहू, पुरूषोत्तम साहू, पदमनी ठाकुर, लक्ष्मीनारायण सेन, कैलाश शर्मा, कुंती चौधरी, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, प्रशांत कोड़ापे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, विजय जैन, अंजू त्रिपाठी, देवेन्द्र साहू, हीरालाल ढोमने, अजय गुप्ता, दिनेश साहू, हिना जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# जनजाति सुरक्षा मंच की कार्यशाला का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** जनजाति सुरक्षा मंच की दो दिवसीय कार्यशाला आज राजनांदगांव स्थित पाटीदार भवन में शुभारंभ हुआ। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग दो सौ प्रतिनिधियों का आगमन हुआ।

संविधान के आर्टिकल 342 में इस आशय का संशोधन समाहित करने को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच जनजाति समुदाय की विगत बीस वर्षों से आवाज बना हुआ है, जिस प्रकार संविधान के आर्टिकल 341 में यह प्रावधान है कि जिस भी अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों द्वारा सिख, हिन्दू और बौद्ध धर्म को छोड़कर अन्य विदेशी धर्म को स्वीकार कर लिया गया, उन्हें अनुसूचित जाति वर्ग के प्रमाण पत्र जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि संविधान के आर्टिकल 342 में इस प्रकार का प्रावधान नहीं होने से धर्म परिवर्तन करने वाले लाखों जनजाति समुदाय के व्यक्ति जनजाति समुदाय को मिलने वाले राजनीतिक शैक्षणिक एवं नौकरियों सहित सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का गलत रूप से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस विषय को लेकर आज अखिल भारतीय कार्यशाला का आगाज हुआ। इस विषय पर विशिष्ट मांग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले पांच लाख जनजाति आयोग दिल्ली जाने को लेकर कार्ययोजना तय की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज आएंगे



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 18 दिसम्बर 2025 को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 18 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे आयुर्वेद कॉलेज रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 3 बजे राजनांदगांव शहर के नंदई में आयोजित परम पूज्य गुरूघासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम एवं दोपहर 4 बजे पाटीदार भवन में आयोजित जनजाति सुरक्षा मंच की अखिल भारतीय कार्यशाला में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 6 बजे ग्राम सोमनी में आयोजित परम पूज्य गुरूघासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6.45 बजे ग्राम सोमनी से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### फैशन-शो में सावित्री बनी प्राइड ऑफ छत्तीसगढ़



**राजनांदगांव।** न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 11 दिसंबर को धमतरी में आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी फैशन शो में सावित्री निषाद की प्रभावशाली और गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान सावित्री निषाद ने मंच पर अपनी सादगी, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा से उपस्थित महिलाओं एवं प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उनकी मौजूदगी से आयोजन को नई पहचान और प्रेरणादायक माहौल मिला। इस आयोजन में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन व दीपक लखोटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। फैशन-शो में विभिन्न जिलों से आई महिलाओं एवं युवतियों ने अलग-अलग श्रेणियों में रैम्प वॉक कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। सावित्री निषाद की सहभागिता ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक दिशा दी और महिलाओं को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

### पंचगव्य चिकित्सा पर प्रशिक्षण संपन्न



**राजनांदगांव।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन में संचालित पंचगव्य विद्यापीठम विस्तार केन्द्र राजनांदगांव में पंचगव्य चिकित्सा, एडवांस डिप्लोमा इन पंचगव्य थेरेपी (एडीपीटी) पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण एवं परीक्षा संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक पंचगव्य चिकित्सा एडीपीटी पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण पूरा करने पर शुभकामनाएं दी। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि गाय के बिना स्वदेशी की कल्पना नहीं की जा सकती। संस्थान के सदस्य सतीश चंदेले ने गाय और छत्तीसगढ़ी बोली को संरक्षित करने के क्षेत्र में कार्य करने प्रोत्साहित किया। गव्यसिद्ध आचार्य डॉ. डिलेश्वर साहू ने कहा कि गाय को अर्थ से जोड़ते गाय के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित कर भारतीय देशी गौवंशों का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को सदस्य अपूर्वा प्रधान, पुरूषोत्तम देवांगन, प्रज्ञानंद मौर्य, तनीष साहू ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण में मुंगेली से भुनेश्वर राजपूत, रायपुर से दिलीप साहू एवं हरनारायण यदु, डोंगरगांव से झनकलाल साहू, राजनांदगांव से मोनिका साहू, राकेश सोनी एवं जितेन्द्र साहू, बालोद से केशरीकांत साहू, दुर्ग मनीषा यादव, धमधा से प्रिया पटेल, जामुल से राजूराम केवट, छुईखदान से स्नेहिल श्रीवास्तव शामिल हुए। इसी तरह ओड़िशा से डॉ. ममता शुक्ला, बालाघाट से संगीता श्रवण टेमरे, जबलपुर से रामबिहारी तिवारी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से सौरभ साहू एवं टेमांशु साहू, बालोद से डेमन यादव एवं ऋषि कुमार, दल्लीराजहरा से गौरव साहू, धमतरी से यामिनी साहू परीक्षार्थी शामिल हुए।

### मेहता जयंती का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर माहाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रो. जेके मेहता जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. मीना प्रसाद, डॉ. खेमारानी दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद एवं एमए के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने प्रो. मेहता के आवश्यकता विहीनता संबंधी विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा भारतीय संस्कृति एवं दर्शन में संतोषं परं सुखं की अवधारणा के अनुरूप प्रोफेसर जेके मेहता के विचारों की बढ़ते भौतिकतावाद के इस युग में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। डॉ. मीना प्रसाद ने प्रोफेसर जेके मेहता की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि को विस्तार से बताया।

### कलेक्टर ने वृद्धजनों को किया सम्मानित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष अंतर्गत नगर के भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों का भजन-कीर्तन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर जितेन्द्र यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कलेक्टर ने शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला से बुजुर्गों को सम्मानित किया तथा आवश्यक सामग्री का वितरण किया। उन्होंने संस्था के गतिविधियों, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था की प्रशंसा की। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग वैशाली मरडवार, संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष गौतम काकरिया, सचिव उमेद गिडिया उपस्थित रहे।

### लखोली में अवैध प्लाटिंग, प्रशासन से शिकायत



**राजनांदगांव।** शहर के लखोली वार्ड क्र. 36 में अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है। जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा नगर निगम के नाम ज्ञापन सौंपकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने और जांच की मांग की गई है। शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि बिना नगर निगम की अनुमति के मुरूम का रास्ता बनाकर प्लाट काटा जा रहा है और आम लोगों को बुनियादी सुविधाओं के बिना जमीन बेची जा रही है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से लखोली वार्ड नं. 36 के खसरा नं. 517/1, रकबा लगभग 171 डिसमिल भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस भूमि में न तो सीसी रोड का निर्माण किया गया है न ही नाली व्यवस्था और न ही बिजली पोल की कोई व्यवस्था है। सिर्फ मुरूम डालकर रास्ता बनाकर प्लाट बेचे जा रहे हैं। नगर निगम की अनुमति लेकर सीसी रोड, नाली और बिजली पोल की पूर्ण व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक इस प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाने मांग की गई है।

## बगैर अनुमति क्षेत्र में चल रहा अवैध निर्माण का खेल

# छुईखदान क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग शबाब पर

### प्रशासन की चुप्पी ने खोले कई सवाल, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान और आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का ऐसा जाल फैल चुका है, जिसने पूरे क्षेत्र की भूमि व्यवस्था, नगर नियोजन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े कर दिए हैं। कृषि भूमि को खुलेआम आवासीय प्लॉट बताकर बेचा जा रहा है और यह सब कुछ नियम-कानूनों को ताक पर रखकर प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है।

जहां कभी हरियाली और खेती हुआ करती थी, आज वहीं रातों-रात कॉलोनियों के नक्शे खींच दिए गए हैं। बिना भूमि रूपांतरण, बिना कॉलोनी लेआउट स्वीकृति और बिना पंजीयन के खेतों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेचने का धंधा जोर पकड़ चुका है। न तो नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति ली गई, न ही राजस्व विभाग की कोई वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई।

कई जगह तो कच्चे रास्तों को ही प्रस्तावित सड़क बताकर प्लॉटिंग कर दी गई है। न सड़क की चौड़ाई तय है, न नाली, न सार्वजनिक उपयोग के लिए कोई भूमि छोड़ी गई है। फिर भी भू-माफिया रेडी-टू-रजिस्ट्रेशन जैसे भ्रामक शब्दों का इस्तेमाल कर आम लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

#### भोले खरीदार बन रहे शिकार

अवैध प्लाटिंग का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ रहा है। मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के लोग जीवन भर की कमाई जोड़कर एक छोटा सा प्लॉट खरीदते हैं, यह सोचकर कि भविष्य सुरक्षित होगा, लेकिन जब कॉलोनी अवैध घोषित होती है, तब वही खरीदार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं। बिजली कनेक्शन नहीं मिलता, पानी की व्यवस्था नहीं होती, सड़के कागजों में ही रह जाती हैं और मकान बनाने पर नोटिस थमा दिए जाते हैं। तब सवाल उठता है कि इन लोगों की जिम्मेदारी कौन लेगा?



#### राजस्व को करोड़ों का नुकसान

अवैध प्लाटिंग सिर्फ आम जनता के साथ धोखा नहीं है, बल्कि यह शासन को भी भारी राजस्व नुकसान पहुंचा रही है। डायवर्शन शुल्क, विकास शुल्क, स्टांप ड्यूटी का सही मूल्यांकन सबसे बचने के लिए यह पूरा अवैध नेटवर्क काम कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक सिर्फ छुईखदान क्षेत्र में ही करोड़ों रुपये के सरकारी राजस्व की संभावित हानि हो चुकी है। ठीक उसी प्रकार से पूर्व में छिंदारी रोड की जमीन पर प्रतिबंध लगाए जाने की जानकारी मिली है।

#### जनता की मांग कार्रवाई होनी चाहिए

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि क्षेत्र में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगे। सभी अवैध पोस्टर-बैनर जब्त किए जाएं, दोषी भू-माफियाओं पर एफआईआर दर्ज हो,संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच हो और खरीदारों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जाए।

#### कानून नियम कायदे मौजूद, लेकिन कार्रवाई है गायब

छत्तीसगढ़ भूमि राजस्व संहिता, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम और कॉलोनी विकास नियम सबमें अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त प्रावधान हैं। जमीन की कुर्की, जुर्माना, एफआईआर और जेल तक का प्रावधान बताया जा रहा है। बावजूद इसके, कार्यवाही कागजों से आगे नहीं बढ़ रही।

#### पोस्टर, बैनर और दलाल सब खुलेआम

छुईखदान के हर प्रमुख चौराहे, मुख्य मार्ग, गांव की सरहदों और यहां तक कि सरकारी परिसरों के आसपास भी अवैध प्लाटिंग के पोस्टर-बैनर लगे देखे जा सकते हैं। मोबाइल नंबरों की भरमार है, मौके पर दलाल मौजूद रहते हैं और आज बुकिंग कराओ, कल रेट बढ़ जाएगा जैसे जुमले आम हो चुके हैं। छुईखदान से लगे हुए क्षेत्र में ज्यादातर अवैध प्लाटिंग की शिकायतें आ रही है।जिसमें विकासखंड कई बड़े ग्रामों में भी अवैधानिक प्लाटो का विक्रय किए जाने की शिकायत है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल महीनों से चल रहा है, लेकिन न तो पोस्टर हटाए गए, न बैनर जब्त हुए, न ही किसी भू-माफिया पर ठोस कार्रवाई दिखाई देती है। इससे प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# यशोदा ने सोलर प्लांट पर सरकार से मांगा हिसाब

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक ने किया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक यशोदा वर्मा ने क्षेत्र में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांटों और प्रदेश में मिट्टी की गुणवत्ता को लेकर सरकार से तीखा तथ्यात्मक सवाल किया। उन्होंने सदन में पूछा कि सोलर परियोजनाओं के लिए आवेदन किस कंपनी ने कब और किन अधिकारियों से अनुमति लेकर किया। ग्राम पंचायत और ग्रामसभा की भूमिका क्या रही, कितनी कृषि भूमि उपयोग में लाई जा रही है और पर्यावरणीय नियमों का पालन हुआ या नहीं। विधायक ने कहा कि सोलर ऊर्जा जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर कृषि भूमि और किसानों के हितों से समझौता नहीं होना चाहिए। जवाब मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने टेकापार खुर्द में प्रस्तावित सोलर प्लांट पर को लेकर बताया कि यह परियोजना मेसर्स जैनम फेरो एलॉयज आई लिमिटेड द्वारा लाई गई है। कंपनी ने 25 सितंबर 24 और 10 दिसंबर 24 को 1818 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्लांट के लिए आवेदन किया था, जिस पर सक्षम अनुमोदन बाद अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता द्वारा अनुमति दी गई। ग्राम पंचायत कलकसा ने 14 दिसंबर 24 को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया। प्लांट लगभग 50 एकड़ कृषि भूमि पर स्थापित किया जा रहा है और इसके लिए एक भी पेड़ नहीं काटा गया, न ही व्यावसायिक भू-परिवर्तन का आवेदन किया गया है। यह परियोजना राज्य की सौर ऊर्जा नीति 2017-30 (संशोधित 2025) के तहत संचालित है।

#### मिट्टी की गुणवत्ता जांचने प्रदेश में 31 केंद्र



मिट्टी की गुणवत्ता को लेकर पूछे गए सवालों पर आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खाद और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के प्रयास कर रही है। प्रदेश के 28 जिलों में 31 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं, जबकि शेष 5 जिलों का परीक्षण समीपस्थ जिलों में कराया जा रहा है। किसानों को किसान मेले, प्रशिक्षण और संगोष्ठियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

#### पर्यावरणीय अनुमति नहीं है जरूरी

राजनांदगांव जिले के पटेवा में एसआरवी सोलर प्लांट को लेकर यशोदा वर्मा ने दस्तावेजों और अनुमति प्रक्रिया पर सवाल उठाया तो मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना मेसर्स आरती स्पंज एवं पॉवर लिमिटेड द्वारा एसआरवी सोलर कंपनी के माध्यम से स्थापित की जा रही है। इसके लिए 11 दिसंबर 24 को आवेदन किया गया था, जिस पर कार्यपालन अभियंता क्रेडा ने अनुमति दी। ग्राम पंचायत और ग्रामसभा से एनओसी प्राप्त है और सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न थे। यह लगभग 51 हेक्टेयर कृषि भूमि पर स्थापित हो रहा है, जिसमें से 23.284 हेक्टेयर भूमि के लिए भू-परिवर्तन का आवेदन किया गया है हालांकि अभी आदेश पारित नहीं हुआ है। सरकार ने स्पष्ट किया कि सोलर प्लांट श्वेत श्रेणी में आता हैं, इसलिए पर्यावरणीय अनुमति से छूट है, केवल संबंधित विभाग को सूचना देना अनिवार्य है।

# अवैध धान भंडारण पर मंडी प्रशासन की सख्त कार्रवाई

- लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में मंडी अधिनियम के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से संग्रहित धान के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान फुटकर और व्यापारी मंडी प्रतिष्ठानों से बड़ी मात्रा में धान जब्त किया गया।

जांच के दौरान गातापार जंगल के फुटकर व्यापारी ईश्वर सिन्हा के प्रतिष्ठान से 40 कट्टा धान मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर संबंधित की सुपुर्दगी में दिया गया। इसी प्रकार प्रकाशपुर में जयलाल बंजारे के फुटकर व्यापारी मंडी प्रतिष्ठान से 33 कट्टा धान जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त नर्मदा गंडई स्थित गौरव गोलछा की फर्म से 16 क्विंटल धान मंडी अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया गया। वहीं सलगापाट स्थित मंगल साहू किराना स्टोर के फुटकर मंडी व्यापारी गोदाम से 55 कट्टा लगभग 22 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न कार्रवाईयों में कुल 168 कट्टा लगभग 67 क्विंटल धान जब्त किया गया। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना पंजीयन व नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे अवैध धान भंडारण और व्यापार के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 24 हजार किसानों से 14.12 लाख क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में 39 सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित 51 उपार्जन केंद्रों में 24,140 किसानों से कुल 14,12,762.00 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है जिसकी कुल लागत 33,528.52 लाख रुपए आंकी गई है। शासन द्वारा लागू तुंहर टोकन व्यवस्था के चलते किसान निर्धारित तिथि पर सहजता से उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर धान विक्रय कर अब तक 30,931.50 लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा चुका है।

खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को लेकर बैठने, पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता भी बनी हुई है। इसी क्रम में अब तक 1,743 किसानों द्वारा 155.6305 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 25-26 अंतर्गत जिले में 4,40,031 मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ समितियों में संग्रहित धान का उठाव कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए अब तक 5,084.00 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया है, जिसमें 1,750.40 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूती देने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह अध्यक्ष के रूप में उनकी पहली बैठक रही, जिसमें चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के गठन, संगठन को ग्राम एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और हेल्पलाइन नंबर जारी करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष जिला केंद्रीय सहकारी बैंक नवाज खान ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन में रहने के लिए अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोमल साहू संगठन के दमदार सिपाही हैं और उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी सफलता की ओर बढ़ेगी। बैठक में नवाज खान, कोमल साहू, गजेंद्र ठाकरे, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, भूपेंद्र सिंह, गुलाब चोपड़ा, मिहिर झा, भीखम छाजेड़, भीगेश यादव, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, मीरा चोपड़ा, दशमत जंघेल, आरती महोबिया, शैव्या वैष्णव, हेमलता एक्यू, विप्लव साहू, डॉ. सरजू वर्मा, अरशद हुसैन, किशन रजक, रोहित पुलस्त्य, मोहसिन खान, मोहन राम, उत्तम जंघेल, संदीप सिरमौर, , संजय महोबिया, गौतम चंद जैन, कपिनाथ महोबिया, नदीम मेमन, पलाश सिंह, रिंकू गुप्ता, आलोक यादव, शत्रुघ्न चंदेल, यतेंद्रजीत सिंह, भीम महोबिया, मोहन तिवारी,प्रकाश महोबिया शत्रुघन पाल, रानू खान, मनीष कोचर, अमित महोबिया, इस्माइल खान, विक्की भाई, नीरज महोबिया, पूजा धुर्वे, श्रद्धा अग्रवाल, लता प्रजापति, गीतांजलि मंडावी, यशोदा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



#### संगठन को हर गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि संगठन को हर ग्राम और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की बात सुनी जाएगी और बूथ स्तर पर लक्ष्य निर्धारित कर संगठन कार्य करेगा। लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के लिए संघर्ष करना होगा। गिरिराज किशोर दास ने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को जोड़ना होगा और ग्रामीण स्तर के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता जरूरी है। गजेंद्र ठाकरे ने संगठन के भीतर रहकर कार्य करने की बात कही। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन ही वह मंच है जो पंच-पार्षद से लेकर विधायक और सांसद तैयार करता है, इसलिए संगठन में रहकर कार्य करना आवश्यक है। भीखम छाजेड़ ने कहा कि खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कांग्रेस कभी कमजोर नहीं हो सकती, आवश्यकता है संगठित रहने की। गुलाब चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनकी इच्छाशक्ति को मजबूत करने पर बल दिया। भीगेश यादव ने कहा कि पार्टी का आदेश सर्वोपरि है और कांग्रेस का कार्यकर्ता होना गर्व की बात है।

# पेंशन व दिव्यांग हितग्राहियों का चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राज्यपाल द्वारा चिन्हांकित गोद ग्राम सोनपुरी में समाज कल्याण विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभागीय टीम ने ग्राम में पहुँचकर पेंशन हितग्राहियों का चिन्हांकन, दिव्यांगजनों की पहचान और पात्र लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया। वरिष्ठ नागरिकों व पेंशन हितग्राहियों का सम्मान किया गया। जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण स्टिक, वॉकर का वितरण किया गया, खपरी कलार निवासी जितेन्द्र रजक को ई-मोटराइज्ड व्हील चेयर देकर विशेष सहायता दी गई। इस दौरान गायत्री परिवार के तुलेश्वर सेन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उपस्थित नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, सचिव, सहायक संचालक समाज कल्याण एवं विभागीय कर्मचारियों ने नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान सहायक संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, रामअवतार साहू, राकेश कुमार साहू, हेमंत टंडन, नवीन ठाकुर, पंचायत सचिव पुनिता साहू सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 564 का परीक्षण

- बढ़ईटोला के उपस्वास्थ्य केन्द्र में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आयुष छग रायपुर के निर्देशन व जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विकासखंड के बढ़ईटोला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुष रोग निदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि श्याम सुंदर साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच योगेश कुमार वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानदास साहू, धन्नालाल वर्मा, सुरीत राम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने शिविर का शुभारंभ करते हुए आयुष चिकित्सा पद्धतियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध व होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियां न केवल रोगों के उपचार में प्रभावी हैं, बल्कि निरोगी जीवनशैली को अपनाने में भी सहायक हैं। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन को जनहित में आवश्यक बताया।

#### दिया गया परामर्श

शिविर मे 564 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को निशुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया। रोगियों को मौसमी बीमारियों, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी रोग, त्वचा रोग, सर्दी-खांसी, रक्तचाप सहित अन्य सामान्य एवं दीर्घकालिक रोगों के संबंध में परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ प्रसन्न कुमार प्रधान, डॉ बहादुर सिंह मारको, डॉ. शिल्पी सिंह, डॉ दीप्ति मिंज, डॉ कैलास चौधरी, फार्मासिस्ट कोमदास साहू, सुग्रीवदास वर्मा, कमलेश धनकर व संतराम गेंडे ने सेवा दीं। औषधालय सेवकों में बेनी माधव दास, शत्रुघ्न ध्रुवे, रूपेश चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, नारायण सिंह ठाकुर, कुंजलता पटेल सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।


बधाई
हरिभूमि
24th
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
बधाई
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
जितेन्द्र मुदलियार (जीतू)
अध्यक्ष
शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने लगा तांता

# सचिन बघेल ने संभाला जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में एक बार फिर भाजपा के वरिष्ठ नेता सचिन बघेल को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। वहीं शासन ने उपाध्यक्ष के पद पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भारत वर्मा को मनोनीत किया है। इसके बाद आज केंद्रीय सहकारी बैंक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई देने वालों का तांता सुबह से ही लगा रहा। दिनभर सहकारी बैंक के अधीन चार जिले से किसान और भाजपा कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने पहुंचते रहे।

प्रदेश सरकार द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष के रूप में पूर्व के अनुभवी सचिन बघेल को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत लाल वर्मा मनोनीत किए गए हैं। दोनों ही नेताओं को जिम्मेदारी मिलने के बाद सहकारी बैंक में पदभार स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यहां कबीरधाम, केसीजी, राजनांदगांव और एमएमसी जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत करते अपनी शुभकामनाएं दी।



### किसान ही प्राथमिकता

एक बार फिर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने को लेकर अपनी प्राथमिकता बताते हुए सचिन बघेल ने कहा कि हमारी प्राथमिकता किसान है। कैसे बेहतर तरीके से किसानों की सेवा हो सके, इस पर काम करेंगे। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश सरकार और वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। वहीं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने भी प्रदेश के नेताओं का आभार जताते कहा कि कृषि के क्षेत्र में सरकार काफी योजनाएं चल रही है। इसका लाभ सभी किसानों को मिले, इस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में 72 घंटे के भीतर किसानों के खाते में पैसा आए, इसकी चिंता की जाएगी।

## स्कूली बस चालकों का शराब मापी यंत्र से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर स्कूली बस के चालकों को शराब मापी यंत्र से जांच कराया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा युगांतर पब्लिक स्कूल एवं नीरज पब्लिक स्कूल बोरी के 25 बस चालकों की ब्रिथ एनालाइज़र मशीन से शराब सेवन की जांच की गई।

### यातायात नियमों का करें पालन

जिसमें कोई भी वाहन चालक शराब का सेवन करना नहीं पाया गया। सभी चालक पूर्णतः सुरक्षित एवं नियमों का पालन करते पाए गए। पुलिस ने सभी स्कूली बस चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय शराब सेवन न करें, यातायात नियमों का पालन करें। जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार की जांच आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

## स्कार्पियो में बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी, आरोपी पकड़ाए

- आबकारी विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मप्र निर्मित शराब को बड़ी मात्रा में स्कार्पियो वाहन में भरकर तस्करी की जा रही थी, जिसे आबकारी विभाग ने पकड़ा। वाहन से 20 पेटी गोवा व्हिस्की बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी विभाग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आबकारी जांच चौकी बोरतालाब में स्कार्पियो वाहन में भरकर लाए जा रहे मप्र निर्मित गोवा



व्हिस्की शराब को पकड़ा गया। बताया गया कि उक्त वाहन में 20 पेटी गोवा व्हिस्की शराब कीमती लगभग 1,20,000 रुपए को बरामद किया गया है। इस मामले में आरोपी सतीश बनोठे 33 वर्ष मोहाटोला जिला गोंदया, सरोज बनोठे 34 वर्ष बोथली जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक अनिल सिंह, राजकुमार कुर्रे, स्टाफ ओमप्रकाश सिन्हा, आर्यन ठाकुर, भेजराज बंजारे एवं अनिल सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।

### हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद

इसी तरह 16 दिसंबर को आबकारी उपनिरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन, मुख्य आरक्षक मिलाप मंडावी, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा के दल ने ग्राम चिखलकसा में आरोपी रूपलाल निषाद के कब्जे से 4.000 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल-ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## बैठक का समापन आज

- जनजाति सुरक्षा मंच का राष्ट्रीय कार्यशाला

**राजनांदगांव।** जनजाति सुरक्षा मंच का राष्ट्रीय कार्यशाला स्थानीय पाटीदार भवन में 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित की गई है। आयोजन में देशभर के अनेक प्रांतो के जनजातीय क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में जनजातीय समाज के अधिकारों के संरक्षण एवं सुरक्षित रखे जाने के विषय पर कार्यशाला में गहन चर्चा कर आने वाले समय में जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा एक बड़ा कार्यक्रम दिल्ली में किए जाने के संबंध में योजना बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, राष्ट्रीय सह-संयोजक राज किशोर हंसा एवं प्रांत संयोजक गोरखनाथ बघेल एवं सभी प्रदेशों से प्रमुख संगठक संयोजक एवं प्रचारक उपस्थित हुए। बैठक का समापन 18 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में किया जाएगा। उक्त जानकारी वनवासी कल्याण आश्रम जिला राजनांदगांव के सचिव राजेश खांडेकर एवं अध्यक्ष बसंत पटेल द्वारा दी गई।

# नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री पर लगाए अंकुश

## एसपी ने क्राइम मीटिंग में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग आयोजित की। जिसमें जिले की कानून-व्यवस्था, अपराधों की वर्तमान स्थिति तथा प्रभावी



नियंत्रण हेतु विस्तार से समीक्षा की गई। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने लंबित (पेंडिंग) अपराधों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने, हाईवे रोड पर चिन्हित दुर्घटना संभावित (एक्सीडेंटल स्पॉट) स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु आवश्यकतानुसार लाइटिंग की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार करने के निर्देश।

### प्रभावी कार्रवाई करें

गुंडा-बदमाश एवं निगरानी-बदमाशों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करने नए अपराधियों की पहचान कर नियमानुसार उनका नाम गुंडा, निगरानी बदमाश सूची में जोड़ने, असामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनसुरक्षा को प्राथमिकता

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय पुलिसिंग, नियमित चेकिंग एवं जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। क्राईम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक वैशली जैन, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, डीएसपी एंब्रोस कुजूर सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# बीयर पिलाने के बहाने बुलाकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बीयर पिलाने के नाम पर बुलाकर आरोपियों ने मिलकर मारपीट की। बलवा के इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 दिसंबर को रात्रि में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका भाई राहुल बैरागी अपने साथी चिंटु रजक के साथ घर के बाहर भोला दुकान के सामने बैठे थे।

लगभग साढे 7 बजे पीयुष बाघमारे एक्टिवा वाहन से आया और राहुल बैरागी एवं चिंटु रजक को चलो बीयर पीकर आते हैं, कहकर अपने साथ एक्टिवा में बैठाकर राजदूत बार लेकर गया।

### गाली-गलौज कर मारपीट



बीयर खरीदने के बाद सनसिटी रोड़ हसन कबाड़ी दुकान के पीछे तीनों बैठकर बातचीत करते पीयुष बाघमारे फोनकर अपने साथी लोकेश, छगन साहू एवं अन्य साथियों को बुलाया। उसके बाद पीयुष बाघमारे एवं उसके साथियों द्वारा मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का, बेसबाल, लोहे का राड़ एवं धारदार वस्तु से मारपीट करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2),118 (1), 190, 191(2) बीएनएस कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी देवेन्द्र साहू 28 वर्ष दुर्गा चौक लखोली, पीयुष बाघमारे 21 वर्ष विकास नगर लखोली, मनीष मरकाम 22 वर्ष राहुल नगर लखोली, लोकेश ढीमर 32 वर्ष राहुल नगर लखोली, यशवंत यादव 27 वर्ष राहुल नगर लखोली, दीपेश ढीमर 24 वर्ष पुराना गंज चौक एवं छगन साहू 30 वर्ष संजय नगर लखोली को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपियों से पूछताछ पर जुर्म स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त एक्टिवा एवं एक नग धारदार चाकू, एक नग बांस का डंडा, एक नग लोहे का राड़ जब्त कर 16 दिसंबर को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।







हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि





# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


# 16 किसानों के तालाबों में दर्ज थी धान फसल, भौतिक सत्यापन में खुली पोल

## सभी किसानों से दर्ज धान रकबे का समर्पण कराएगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान को लेकर जारी प्रशासन की कार्रवाई के बीच बड़ा मामला सामने आया है, जहां 16 किसानों ने अपने खेत में बने तालाब में भी धान की फसल का पंजीयन करा रखा था। मत्स्य विभाग की टीम द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में यह मामला खुला कि तालाब में धान की फसल ली ही नहीं गई है। जिसके बाद अब प्रशासन दर्ज रकबे को समर्पण कराने में जुट गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के अलग-अलग गांव से यह मामला सामने आया है। जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर मत्स्य विभाग की टीम ने किसानों द्वारा सब्सिडी लेकर खेत में बनाए गए तालाबों का भौतिक सत्यापन शुरू किया था। किसानों के खेत में जब टीम पहुंची तो उन्होंने पाया कि कई किसानों ने जहां तालाब बनाने के लिए सब्सिडी ले रखी है। वहीं तालाब के रकबे का भी धान फसल को लेकर पंजीयन कराया है। जिसके बाद ऐसे किसानों की सूची तैयार कर ली गई है।



### इन गांव के किसान शामिल

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक ऐसे कुल 16 किसान मिले हैं। जिनकी 14.638 हेक्टेयर रकबे में तालाब की जगह धान का रकबा दर्ज था। हालांकि अब भौतिक सत्यापन के बाद किसानों से संवाद कर इन धान के रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। जिससे किसान धान नहीं होने के बावजूद धान केंद्रों में खपा ना सकें। इनमें नवागांव, सेलपार, सीतागोंटा, कनेरी, गुंडरी, बुढ़ानछापर, भालूकोन्हा, पीटेपानी, घम्पुरा, सेनडोंगर, बागरेकसा, मोहनपुर, फारुटोला जैसे गांव शामिल है। बताया गया कि इन गांव के कुल 33 किसानों के खेत में पहुंचकर टीम ने भौतिक सत्यापन किया था। जिसमें 16 किसानों के खेत में बनाए गए तालाब में भी धान की फसल दर्ज होना पाया गया था।

### अब तक 6000 एकड़ का समर्पण

उल्लेखनीय है कि जिले में प्रशासन लगातार किसानों से धान का रकबा समर्पण कराने में जुटा हुआ है। जिले की स्थिति भी प्रदेश में बेहतर बनी हुई है। अब तक जिले में लगभग छह हजार एकड़ रकबा का समर्पण करा लिया गया है। वहीं बुधवार को भी जिले के छुरिया ब्लॉक के एक किसान से 48 एकड़ रकबा का समर्पण कराया गया है। बताया गया कि उक्त किसान के खाते में कुल 81 एकड़ खेत है, लेकिन उसने 33.40 एकड़ रकबा में ही धान की फसल ली है। जिसके चलते अन्य रकबे का समर्पण उसने कर दिया है।

### खैरागढ़ जिले में उठाव सुस्त, जाम की स्थिति

ज्ञात हो कि पिछले 15 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हुई धान की खरीदी में अब तक अविभाजित जिले में लगभग 45 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है, लेकिन उठाव महज पौने तीन लाख क्विंटल का ही किया गया है। जिसके चलते तीनों जिलों के उपार्जन केंद्रों में जाम के हालत निर्मित होने लगे हैं। हालांकि सबसे बुरी स्थिति खैरागढ़ जिले की बताई जा रही है, जहां पौने 15 लाख क्विंटल धान खरीदी होने के बाद भी महज 27 हजार क्विंटल धान का ही उठाव किया गया है। जिसके चलते जिले के 51 उपार्जन केंद्रों में अधिकांश में बफर लिमिट पार हो गई है। राजनांदगांव जिले में 24.54 लाख क्विंटल खरीदी बाद 2.32 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

# केबल तार, पंप चोरी के फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। ग्रामीण इलाके के खेत से केबल तार, पंप चोरी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी एवं ग्राम ईरा में ग्रामीणों द्वारा 9 से 12 दिसंबर के मध्य ग्राम खुटेरी-ईरा खार से 15 किसानों के खेत से 1 नग सबमर्सिल पंप, 2 नग सोलर झटका मशीन, पानी मोटर पंप तथा करीबन दो हजार फीट केबल चोरी के फरार आरोपियों की पता तलाश करने पुलिस की टीम गठित कर प्रकरण के फरार आरोपी दीनू मेश्राम उर्फ पिंटू उर्फ दुर्लभ 25 साल निवासी लखोली, मयूर कसार 29 साल निवासी लखोली व हुसैन 39 साल निवासी टेडेसरा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिनके विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय से ज्युडिशयल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण से चोरी के केबल तार को जब्त किया गया है।


## आवश्यकता है

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

**जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।**

| सेल्समैन | | | |
|---|---|---|---|
| 1. खैरागढ़ | 3 पद | 4. गण्डई | 3 पद |
| 2. जालबांधा | 2 पद | 5. छुईखदान | 3 पद |
| 3. घुमका | 2 पद | 6. साल्हेवारा | 2 पद |

**नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य।**

**इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़**

संपर्क स्थल : **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

9977184777, 8120006476, 9406011166



हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम


**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।


नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



सुमीत बाजार



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक **गुरु घासीदास** जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

## आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले

## किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज

पॉलीकोट **बेडशीट** 1+2 सेट ₹333

1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card

*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

लोहारा रोड, कवर्धा | अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### नरेगा में वैज्ञानिक पद्धति युक्तधारा पोर्टल से हो रहा कार्यों का चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी निर्माण कार्यो का चयन तकनीकी पद्धति के आधार पर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य महात्मा गांधी नरेगा के साथ राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के संयुक्त भूवन प्लेटफार्म पर व्यापक रूप से निर्मित युक्तधारा पोर्टल में किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस टूल्स की सहायता से विभिन्न भौगोलिक और स्थनिक सूचनाओं को जोड़कर ग्राम पंचायत के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया को और भी सरल और सामग्र बनाया गया है, ताकि वैज्ञानिक पद्धति से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किए जाने के लिए निर्माण कार्य का चयन कर योजनाएं तैयार की जा सके।

# विधायक ने शिक्षक भर्ती, भ्रष्टाचार अधिकारियों पर कार्रवाई व विद्यालयों में पुस्तक वितरण का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा विधानसभा सत्र के चौथे दिन लगातार प्रदेश एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों और मुद्दों को सदन में रखा। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम पर विधानसभा में आयोजित विशेष चर्चा में भी सहभागिता निभाई और अपने विचार सदन के समक्ष रखें। इस दौरान भावना बोहरा ने शिक्षकों की भर्ती की वर्तमान स्थिति, मध्याह्न भोजन खाने से बीमारी हुए बच्चों के लिए एसएचजी ग्रुप पर कार्यवाही, शासकीय विद्यालयों में पुस्तक वितरण में विलंब, और ईओडब्ल्यू, एसीबी द्वारा दर्ज प्रकरणों पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संलिप्त अधिकारियों पर किए गए कार्यवाही का विषय विधानसभा में उठाया।

24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने वन्दे मातरम् को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया और कहा कि इसे राष्ट्रगान के साथ बराबरी का सम्मान मिलेगा यानि संविधान निर्माताओं को वन्दे मातरम् से कोई समस्या नहीं थी। लेकिन आज कांग्रेस के साथियों को वंदे मातरम् पर चर्चा करने से समस्या है। वर्ष 2025 में वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 8 दिसंबर 2025 को संसद में ऐतिहासिक तकरार हुई। लोकसभा में लगभग 10 घंटे इस विषय पर चर्चा हुई जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस तकरार की शुरुआत की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वन्दे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा है और यह भी कहा कि 1937 में लिया गया निर्णय राष्ट्रगीत की मूल चेतना को कमजोर करता है। जब भी संस्कृति की बात होती है, इतिहास की सच्चाई सामने आती है। तो कांग्रेस के साथी कहते हैं कि यह राजनीति है, यह ध्यान भटकने की कोशिश है, क्या इतिहास याद करना राजनीति है? क्या अपनी जड़ों पर गर्व करना राजनीति है? या फिर समस्या यह है कि सच अब दबाया नहीं जा सकता? मैं कांग्रेस से खुले मन से कहना चाहती हूँ, अतीत की गलतियों को स्वीकार करना कमजोरी नहीं, परिपक्वता होती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह नया भारत, अपने सांस्कृतिक गौरव को स्वीकार कर रहा है और विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस यात्रा में तुष्टिकरण और विभाजनकारी सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। इस गीत में स्वतंत्रता संग्राम की झलक दिखाई देती है, इस गीत में वह भावना है जो उन क्रांतिकारियों के मन में थी जब वह हंसते-हंसते इस माटी पर बलिदान हो गए।

उन्होने प्रश्न पूछा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितने अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी के द्वारा दर्ज अपराध के तहत पुर्वानुमोदन प्रदाय हेतु सचिव, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है? प्रेषित पत्रों पर सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई? ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा दर्ज प्रकरण पर विवेचना हेतु पूर्वानुमोदन पर अभिमत प्रदान किया गया है या नहीं? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 05 अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा दर्ज अपराध के तहत पुर्वानुमोदन प्रदाय हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। इनमें 03 प्रकरण आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को स्थानांतरण किया गया है। 02 अधिकारियों के विरूद्ध प्रतिवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा दर्ज प्रकरण पर विवेचना हेतु पूर्वानुमोदन पर अभिमत प्रदान नहीं किया गया है। इस हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

### पंचायत एवं ग्राम विकास विभाग के 6 अधिकारी अन्य विभाग में अतिरिक्त प्रभार

विधायक ने प्रश्न पूछा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कितने अधिकारी अपने विभाग के अलावा अन्य विभागों में अतिरिक्त प्रभार पर कार्यरत हैं ? क्या अन्य विभाग में उन अधिकारियों की नियुक्ति का आधार प्रतिनियुक्ति है? यदि नहीं तो उनकी नियुक्ति शासन के किस नियम-आधार के तहत की गई है? क्या इन अधिकारियों की अन्य विभाग में नियुक्ति के लिए भारसाधक मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है? उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में 6 अधिकारी अतिरिक्त प्रभार पर कार्यरत हैं जिनमें 05 प्रकरण में संबंधित जिले के कलेक्टर-मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है एवं 01 प्रकरण में विभागीय सहमति के आधार पर प्रभार का अतिरिक्त दायित्व दी गई है। 05 प्रकरण में भारसाधक मंत्री का अनुमोदन प्राप्त नहीं है एवं 01 प्रकरण में भारसाधक मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

### शासकीय विद्यालयों में पुस्तक वितरण के विषय पर सदन के समक्ष प्रश्न किया

भावना बोहरा ने शासकीय विद्यालयों में पुस्तक वितरण के विषय पर सदन के समक्ष प्रश्न किया कि शासकीय विद्यालयों में गत शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की संख्या की मांग के अनुरूप समय पर पुस्तकों का वितरण किया गया? यदि नहीं तो किन विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण में देरी, कमी अथवा गलत पुस्तकों की आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? इन अनियमितताओं के लिए कौन-कौन से अधिकारी-कर्मचारी उत्तरदायी पाए गए हैं? दोषियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाहियां की गई हैं? भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु विभाग द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में गत शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की संख्या की मांग के अनुरूप समय पर पुस्तकों का वितरण किया गया है इसलिए वितरण में देरी और गलत पुस्तकों की आपूर्ति का प्रश्न निरंक है। प्रदेश के सभी जिलों को मिलकर कुल मांग संख्या 29178889 थी, जिसे मांग अनुरूप सभी विद्यालयों में वितरित की गई है। पुस्तकों में शीर्षकवार नंबरिंग की गई है। हर पुस्तक का एक यूनिक नंबर है, जिसका रिकार्ड छग पाठ्यपुस्तक निगम में संधारित किया गया है।

### मध्याह्न भोजन खाने से बच्चों के बीमार होने की घटनाओं पर विभाग क्या जांच कराई

शिक्षकों की भर्ती और मध्याह्न भोजन के विषय में प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने पूछा कि माह सितंबर-अक्टूबर, 2025 में विज्ञापित लगभग 4,700-5,000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में किस चरण में है? बलरामपुर जिले व अन्य स्थानों पर मध्याह्न भोजन खाने से बच्चों के बीमार होने की घटनाओं पर विभाग ने क्या जांच कार्यवाही है? क्या संबंधित सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) या एनजीओ का अनुबंध रद्द किया गया है? राज्य के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों (बस्तर व सरगुजा संभाग) के कितने स्कूल वर्तमान में शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय हैं? स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिखित उत्तर देते हुए शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के विषय में जानकरी निरंक दी है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर जिले व अन्य स्थानों पर मध्याह्न भोजन खाने से बच्चों के बीमार होने की घटनाओं पर विभाग द्वारा जांच कराई गई है और संबंधित सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) या एनजीओ का अनुबंध रद्द कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों बस्तर और सरगुजा संभाग में कुल 19 विद्यालय शिक्षक विहीन हैं एवं 1178 विद्यालय एकल शिक्षक विद्यालय हैं।

## नोडल अधिकारियों को किसानों से सीधे संवाद कर समस्या का निराकरण करने दिए-निर्देश

# अवैध धान परिवहन व खपाने पर कोचियों बिचौलियों पर करें सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिला मध्यप्रदेश की सीमा से लगा होने के कारण यहां अवैध रूप से धान खपाने की आशंका अधिक रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कोचियों और बिचौलियों द्वारा किए जाने वाले किसी भी अवैध प्रयास पर सख्त एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सतत निगरानी अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धान उपार्जन केंद्रों में वास्तविक किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारू और किसान-हितैषी बनी रहे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन सभी विषयों को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग और सभी धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह किसान-हितैषी, सुचारू और पारदर्शी रहे, यह सुनिश्चित करना नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करें और यदि किसी भी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि किसानों को बार-बार भटकने की स्थिति न बने, इसके लिए हर समस्या का समाधान केंद्र स्तर पर ही किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों के खसरे एग्रीस्टेक पोर्टल में लिंक नहीं हो पाए हैं, उनकी पहचान कर प्राथमिकता के साथ लिंकिंग की जाए। इसके लिए संबंधित पटवारी और तहसीलदार से समन्वय स्थापित कर खसरों का सत्यापन कराया जाए तथा समिति स्तर पर ही एग्रीस्टेक में लिंकिंग की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र किसान का नाम केवल तकनीकी कारणों से धान खरीदी से वंचित नहीं होना चाहिए।

### धान की स्टॉकिंग सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक ढंग से की जाए: वर्मा



कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में बंफर लिमिट की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान की स्टॉकिंग सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक ढंग से की जाए, जिससे गणना एवं सत्यापन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने धान उठाव की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए कहा कि उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया में निरंतर प्रगति बनी रहनी चाहिए, ताकि खरीदी कार्य बिना किसी अवरोध के लगातार संचालित होता रहे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ऐसे किसान जिन्होंने धान की फसल नहीं ली है, उनके शत प्रतिशत रकबा समर्पण कराया जाए। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एक बार मे अपना पूरा धान बेच चुके हैं और कोई रकबा शेष बचता हो तो उसे भी समर्पित कराएं। इसके लिए समिति स्तर पर प्रयास किए जाएं। उन्होने समितियों में धान बेचने आने वाले किसानों के वाहन की फोटो खींचकर गेट पास ऐप में अपलोड किए जाने के निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कटने वाले टोकन पर बिक्री के लिए आने वाले किसान जिस वाहन में धान लेकर आते हैं उसकी पर्ची बनाने के बाद तत्काल फोटो खींचकर अपलोड कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह पारदर्शी खरीदी व्यवस्था का एक प्रमुख चरण है। अतः आवश्यक है कि हर केंद्र से प्रतिदिन आने वाले वाहनों की फोटो ऑनलाइन प्रविष्ट की जाए। बैठक में खाद अधिकारी सचिन मरकाम, सहायक खाद अधिकारी अनिल वर्मा, मदन साहू, डीएमओं सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# डबराभाट वेयर हाउस प्रवेश द्वार व बाउंड्रीवॉल अत्यंत जर्जर

- ग्रामीणों ने बाउंड्रीवॉल, मरम्मत व वेयर हाउस भवन की रंग-रोगन करने की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत डबराभाट जो श्री पंचदेव मंदिर सारंगपुर पीएम सड़क किनारे वेयर हॉउस संचालित हो रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डबराभाट में लाखों रूपए की लागत राशि से वेयर हाउस निर्माण कार्य करवाया गया लेकिन देखरेख व सुधार कार्य के अभाव में बाउंड्रीवॉल अत्यंत जर्जर व बदहाल हो चुकी है। वहीं बाउंड्रीवॉल रंग-रोगन के अभाव में खंडहर में तब्दील हो चुकी है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा वेयर हॉउस की सुधार व मरम्मत तथा रंग-रोगन की मांग की गई ताकि वेयर हॉउस परिसर साफ सुथरा दिखे तथा प्रवेश द्वार 24 घंटे खुला होने के कारण कई छोटी-बड़ी घटना व अप्रिय हासदे को न्योता दे रही है, जो कि यह बहुत बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

### क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत

ग्रामीण रहवासियों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा वेयर हॉउस प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल व सुधार-मरम्मत तथा रंग-रोंगन कार्य की मांग की गई ताकि वेयर हॉउस में रखे राशन सुरक्षित रह सकें। इस ओर जिम्मेदार को ध्यान देने की जरूरत है, ताकि ग्रामीण गरीब हितग्राहियों का राशन सुरक्षित और कोई हेर-फेर ना कर सकें।

### महा-परीक्षा अभियान का अंकपत्र-सह साक्षरता प्रमाण पत्र वितरित

**हरिभूमि कोलेगांव।** विगत दिनों महापरीक्षा अभियान 23 मार्च रविवार को आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक थे एवं जो किसी कारणवश शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। ऐसे ग्राम एवं वार्ड में निवासरत परीक्षार्थी को 6 महीने तक प्रत्येक दिन दो-दो घंटे का कक्षा संचालित कर पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान का शिक्षा दिया गया। इस तरह 200 घंटे पूरा हो जाने के बाद उन्हें साक्षरता महापरीक्षा अभियान 23 मार्च 2025 में शामिल कर साक्षर बनाया गया। वहीं ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में निर्धारित लक्ष्य अनुसार यहां के नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर एवं ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर (प्रधान पाठक), अशोक कुमार चंद्रवंशी (प्रधान पाठक)सर्वेयर श्रीमती दीपा राठौर के दिशा-निर्देश में एवं गांव के समस्त स्वयं सेवी शिक्षको श्रीमती चन्द्रा यादव, श्रीमती शीतलेश्वरी चंद्राकर, श्रीमती प्रीति पटेल, श्रीमती संतोषी टंडन, श्रीमती उषा चंद्राकर, श्रीमती रत्ना निषाद, योगेश कुमार चंद्राकर, राजेंद्र पटेल, होरीलाल चंद्राकर, सुदर्शन चंद्राकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, दिनेश बंजारे, दीपक कुमार कश्यप, रमेश कुमार पटेल, पूजा चंद्रवंशी, रामवती पटेल, दामेश्वरी पटेल, नागेश्वरी निषाद, लल्ली बार्वे की कड़ी मेहनत से 70 शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल किया था। जिसका अंकपत्र-सह साक्षरता प्रमाण पत्र राज्य द्वारा भेजे जाने पश्चात बुधवार को परीक्षार्थियों को ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर द्वारा वितरित किया गया।

# अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बने महेंद्र धृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा/कोलेगांव



भाजपा अनुसूचित मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, इसी क्रम में भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा कबीरधाम का कमान युवा नेता महेंद्र धृतलहरे के हाथों सौंपा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े द्वारा प्रदेश के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की। जिसमें जिला कबीरधाम में युवा हृदय सम्राट सदस्य जिला पंचायत कबीरधाम प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही जिलेभर के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है, कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री धृतलहरे के नेतृत्व में अनुसूचित मोर्चा जिले में संगठनात्मक मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा और पार्टी की नीतियों को आमजन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह नियुक्त संगठन को नई ऊर्जा देने के साथ साथ आगामी कार्यक्रमों और आंदोलनों को और गति प्रदान करेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे ने नई जवाबदारी मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार जताते हुए कहा कि जो शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास किया है। उस विश्वास में खरा उतरने एवं संगठन को मजबूती दिलाने एवं पार्टी की नीति को आमजन तक पहुंचाने पुरजोर कोशिश करूंगा। महेंद्र धृतलहरे के जिला अध्यक्ष मनोनयन होने पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

### प्रधान पाठक पदोन्नति व वेतन भुगतान पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन



**हरिभूमि कवर्धा।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ कबीरधाम के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से भेंटकर जिले में शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान शिक्षक संघ ने प्रमुख रूप से प्रधान पाठक पदोन्नति, अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा वेतन भुगतान से संबंधित मुद्दे उठाए, जिन पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में शिक्षक संघ ने जिले में लंबे समय से लंबित प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया का मुद्दा प्रमुखता से रखा। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे सहायक शिक्षकों को शीघ्र इसका लाभ मिल सकेगा। दूसरे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में शिक्षक संघ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लंबित आवेदनों का विषय उठाया। संघ ने बताया कि संभागीय कार्यालय एवं स्थानीय कार्यालयों में अनेक आवेदन लंबित हैं, जिससे शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन आवेदनों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। वेतन भुगतान का मुद्दा भी बैठक में प्रमुख रूप से रखा गया। शिक्षक संघ ने बताया कि जिले के कई शिक्षकों का वेतन किसी न किसी कारणवश अब तक लंबित है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर ऐसे सभी शिक्षकों की सूची मंगाने की बात कही, जिनका वेतन भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रभावित शिक्षक अपने संकुल के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामशरण चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष रघुनंदन गुप्ता, होरीलाल गबेल, खंड संयोजक राजेश पांडेय, खंड अध्यक्ष चंद्रकांत पाठक, नरेंद्र चंद्रवंशी, सुमित पांडेय सहित जिला शिक्षक संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थें। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर शिक्षकों की समस्याओं की ओर जिला शिक्षा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी से सकारात्मक आश्वासन मिला है और उम्मीद जताई कि जिले के शिक्षकों से जुड़ी इन सभी मांगों का शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा।

बिजनेस प्लस

# क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो को मिल रहा शानदार प्रतिसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के सरदार पटेल मैदान में आयोजित क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए कारीगरों और व्यापारियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में एक ही छत के नीचे विविध और आकर्षक उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे जिलेवासियों को बेहतरीन खरीदारी का अवसर मिल रहा है। क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो के संचालक संदीप कुमार ने बताया कि इस प्रदर्शनी में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित देश के अलग-अलग राज्यों से लाई गई गृह उपयोगी व हस्तशिल्प वस्तुओं की बिक्री एवं प्रदर्शनी की जा रही है। यहां फैन्सी लेडीज सलवार-सूट, टॉप-स्कर्ट, बनारसी, कलकत्ता कॉटन एवं सिल्क साड़ियां, खादी ग्रामोद्योग के उत्पाद, लखनवी कढ़ाई वाले परिधान, किचन वेयर, ब्रास एवं मार्बल हैंडीक्राफ्ट, आकर्षक ज्वेलरी सहित अनेक प्रकार के समान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राजस्थानी, गुजराती व कश्मीरी बेडशीट, चप्पल, कुर्ता-पायजामा, पैंट-शर्ट, टी-शर्ट, फैन्सी चूड़ियां, लेडीज पर्स, कॉटन बैग, क्रॉकरी तथा भदोही कारपेट भी लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। प्रदर्शनी में हर वर्ग के लिए उपयोगी और किफायती उत्पाद उपस्थित हैं। जिस पर संचालक संदीप कुमार ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्राहक एक्सपो में पहुंचकर अपनी पसंद की वस्तुओं की खरीददारी कर रहे हैं। लोगों का उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो शहरवासियों के लिए खरीददारी का आकर्षक और भरोसेमंद केंद्र बन गया है।

## सायकिल योजना का मूल उद्देश्य बेटियों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है

# सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं को मिला संबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौक में सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं को सायकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। उनके करकमलों से छात्राओं को सायकिल वितरित की गई, जिससे छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। मुख्य अतिथि रामकुमार भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2004-05 में सरस्वती सायकिल योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना का मूल उद्देश्य बेटियों को शिक्षा से जोड़ना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। तभी से यह योजना निरंतर छात्राओं के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विस्तार हो रहा है। कबीरधाम जिला आज शैक्षणिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एक समय जिले में जहां केवल एक महाविद्यालय था, वहीं आज मेडिकल कॉलेज, मत्स्यकीय कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, लाइवलीहुड कॉलेज, कृषि महाविद्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों और नगर पंचायत क्षेत्रों में महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

श्री भट्ट ने यह भी उल्लेख किया कि जिले में नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण केंद्र सिद्ध होगी। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह, लक्ष्मण यादव, बद्री जायसवाल, दीपक सिन्हा, सचिन अग्रवाल, संतोषी जायसवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, रूपराम देवांगन, गणेश देवांगन सहित संस्था के प्राचार्य अशोक गुप्ता, नीलम यदु, रंगलाल धुर्वे एवं शाला के शिक्षकगण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 20 दिसम्बर को

**कवर्धा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में 20 दिसंबर को 11 बजे बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### जिले में आज शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को कबीरधाम जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के तहत जिले में संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-3 (ग) पर्यटन बार, मद्यभण्डारण भाण्डागार तथा मदिरा दुकानों से संलग्न सभी अहाते पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का किसी भी प्रकार का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### जिला पंचायत में बैठक 19 दिसंबर को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 19 दिसंबर को आयोजित की गई है। सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक दोपहर 1.30 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी।

**शिकार:** बाइसन के पूर्व शिकारियों ने तेंदुआ का भी किया शिकार?, जांच में जुटा वन विभाग

# बायसन शिकार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार बड़ी मात्रा में शिकार उपयोगी सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में दो बाइसन के शिकार के बाद हरकत में आए वन विभाग ने इन मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में शिकार के लिए उपयोगी सामग्री तथा शिकार किए गए वन्यप्राणियों के अवशेष भी बरामद किए है। इस संबंध में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर वन मण्डलाधिकारी ने बताया कि कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र कवर्धा के बंजारी वृत्त स्थित धवईपानी परिसर के कक्ष क्रमांक आरएफ-47, ग्राम जामपानी में 02 नग बायसन (गौर) मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही विभागीय अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को सुरक्षित किया गया तथा जप्ती एवं जांच की विधिवत कार्यवाही प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए 02 आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9, 2 सहपठित धारा 16 (क, ख, ग), धारा 20, 35, 39, 50, 51 एवं लोक संपत्ति निवारण नुकसान अधिनियम, 1984 की धारा 3 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21614/13 दिनांक 16.12.2025 पंजीबद्ध कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जांच को सुदृढ़ बनाने हेतु तत्काल डॉग स्क्वाड की प्रशिक्षित टीम को मौके पर बुलाया गया, जिनके द्वारा प्रशिक्षित श्वान की सटीक निशानदेही पर घटनास्थल से खूंटी एवं अन्य सामग्री जप्त की गई। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में जिला पशु चिकित्सा विभाग की टीम तथा रायपुर से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा मृत 02 नग बायसन (गौर) के अंगों से फॉरेंसिक जांच हेतु वैज्ञानिक पद्धति से नमूने एकत्र किए गए।



### परिसर रक्षक अनिल राजपूत निलंबित

इस प्रकरण में विभागीय दायित्वों की समीक्षा करते हुए मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग द्वारा परिक्षेत्र सहायक बंजारी ललित यादव एवं वनमंडलाधिकारी कवर्धा द्वारा परिसर रक्षक अनिल राजपूत को निलंबित किया गया है। वन्यजीव संरक्षण के प्रति विभाग की संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए मृत 02 नग बायसन (गौर) के शवों को विधिवत रूप से एकत्र कर मुख्य वन संरक्षक (दुर्ग वृत्त, दुर्ग), मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व, रायपुर (छ.ग.), वनमंडलाधिकारी कवर्धा, उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा की उपस्थिति में नियमानुसार दहन की कार्यवाही संपन्न कराई गई।


### आरोपियों के घर से की गई बरामदगी

डॉग स्क्वाड की निशानदेही पर की गई कार्रवाई के दौरान टीम समीप स्थित संदिग्ध के घर तक पहुंची, जहां से जीआई तार, भुना हुआ मांस, सुअर का दांत, मोर का पैर सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जप्त की गई। इसके पश्चात आरोपी कुंवर सिंह बैगा एवं दशरू बैगा को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा छोटे वन्यप्राणियों के शिकार हेतु तार बिछाकर विद्युत प्रवाहित की गई थी, जिसकी चपेट में दुर्भाग्यवश बायसन आ गया। बायसन के शिकार की उनकी कोई मंशा नहीं थी। तथापि, वन्यजीव संरक्षण कानूनों के अंतर्गत ऐसे कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं, जिस पर विभाग द्वारा सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

वनमंडलाधिकारी कवर्धा द्वारा समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सघन क्षेत्रीय गश्त बढ़ाने, अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग वन्यजीव संरक्षण एवं जैव विविधता की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

### स.लोहारा वन परिक्षेत्र में तेंदुआ का शिकार?



**कवर्धा।** वनमंडल कवर्धा अंतर्गत वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के वृत्त सोनझरी परिसर के कक्ष क्रमांक पीएफ 292 में एक नग तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पंचनामा, जप्ती एवं अन्य सभी विधिसम्मत कार्यवाहियां पूर्ण की गईं। वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस गंभीर घटना के संबंध में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21608/02 दिनांक 14.12.2025 पंजीबद्ध किया गया है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल डॉग स्क्वॉड टीम को मौके पर बुलाया गया। प्रशिक्षित श्वान की सटीक निशानदेही पर घटना स्थल से लगभग 400-500 मीटर दूर स्थित दो मकानों से कुल 21.300 किलो ग्राम जीआई तार जप्त किया गया, जो वन्यजीव शिकार में प्रयुक्त होने की आशंका है। साथ ही मृत तेंदुए के सिर का सड़ा हुआ भाग, रीढ़ की हड्डी, पैर एवं पूंछ जप्त कर वैज्ञानिक परीक्षण एवं आगे की जांच हेतु सुरक्षित किया गया है। प्रकरण से जुड़े अन्य संदिग्धों एवं ग्रामीणों से भी सघन पूछताछ की जा रही है।

### अधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

मामले में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित वन अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। परिसर रक्षक मोतिमपुर शिव साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा परिक्षेत्र सहायक अमित कुमार ध्रुव को मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), दुर्ग वृत्त, दुर्ग के द्वारा निलंबित किया गया है। आरोपियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए टावर डंप डाटा प्राप्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक, जिला कबीरधाम को पत्र भेजा गया है। वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सतत निगरानी एवं सघन गश्त जारी रहेगी।

# सनकी युवक ने तीन ग्रामीणों पर किया टंगिया से हमला

## ग्रामीणों ने की आरोपी की पिटाई, चारों अस्पताल में भर्ती



- घटना के बाद मामले की जांच व कार्यवाही में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के झलमला थाना क्षेत्र के आदिवासी बहुल समरू गांव में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के ही एक सरफिरे और आदतन बदमाश युवक ने धारदार टंगिया से तीन ग्रामीणों पर जानलेवा हमला कर दिया।

बताया जाता है कि इस घटना के बाद ग्रामीणों ने भी युवक को पकड़कर जमकर पीट दिया। घटना की जानकारी के बाद ग्रामीणों ने तीनो घायल ग्रामीणों सहित आरोपी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

घटना उस वक्त की बताई जा रही है जब तीनों ग्रामीण बिरजू, सुखराम और बैसाखू किसी काम से कवर्धा की ओर मोटर सायकल से जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी युवक खेदू रास्ते में हाथ में धारदार टंगिया लेकर खड़ा था। जैसे ही तीनों ग्रामीण वहां से गुजरे, उसने उन्हें रोककर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में एक युवक की गर्दन गंभीर रूप से कट गई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वहीं दूसरे युवक की पीठ पर गहरी चोट आई है, जबकि तीसरे युवक के पैर पर टंगिया से वार किया गया है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल कवर्धा लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इधर, इस मामले की सूचना झलमला थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद से समरू गांव में दहशत का माहौल है।

# दुबहा में 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र की मिली स्वीकृति

- क्षेत्र को मिलेगी सुदृढ़ विद्युत सुविधा, जनप्रतिनिधियों ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद अंतर्गत ग्राम दुबहा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। माना जा रहा है कि इस उपकेन्द्र के निर्माण से आसपास के कई गांवों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुलभ, सुचारु एवं सुदृढ़ होगी। साथ ही किसानो की लो वोल्टेज सहित विद्युत फाल्ट जैसी समस्याओं का भी निराकरण होगा। जानकारी के अनुसार प्रस्तावित उपकेन्द्र के



निर्माण को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि मनीराम साहू, विधायक प्रतिनिधि खेमराज साहू, विद्युत विभाग के अधिकारी, तहसीलदार सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी लेकर निर्माण को निर्धारित समय सीमा में तथा गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किए जाने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने अपने क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्माके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपकेन्द्र क्षेत्र के विकास, किसान, उद्योग-व्यवसाय तथा आम नागरिकों की सुविधा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि कवर्धा विधायक एव प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है और जिसका समुचित लाभ क्षेत्रवासियों को मिल रहा है।

# रजत जयंती पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त स्वैच्छिक संस्था वृद्धाश्रम एवं रैनबसेरा, कवर्धा तथा प्रशामक देखरेख गृह, ग्राम मजगांव, कवर्धा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में



निवासरत 10 वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रशामक देखरेख गृह में निवासरत 19 वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप वस्त्र, ठंड से बचाव के लिए कनटोप, आवश्यक सामग्री की किट, वॉकिंग स्टिक तथा वॉकर का वितरण समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक अभिलाषा पण्डा, अधीक्षक देवकुमार कौशिक, संस्था प्रबंधक निशांत यादव सहित संस्था एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई।

### सांसद ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नवीन से मुलाकात कर दी बधाई



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन से सौजन्य भेंट कर उन्हें नवदायित्व की बधाई और यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। सांसद संतोष पांडेय ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक जीवन संघर्ष, परिश्रम और समर्पण की जीवंत मिसाल रहा है। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न दायित्वों तक, उन्होंने हर भूमिका को पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में उन्होंने हमारा कुशल मार्गदर्शन किया। उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में बीते चुनाव में शानदार जीत हासिल हुई। अब वे देशभर के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

# जिले में अब तक 18,03,260 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिले में किसानों के चेहरे पर संतोष और भरोसे की झलक साफ दिखाई दे रही है। शासन के स्पष्ट एवं ठोस निर्देशों तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के निरंतर एवं प्रभावी मार्गदर्शन में जिले के 108 उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी ढंग से संचालित की जा रही है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक 36915 से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान विक्रय किया है। इनमें 22682 सीमांत किसान, 9510 लघु किसान एवं 4723 बड़े किसान शामिल हैं। धान खरीदी में लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दिए जाने से छोटे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और उनमें संतोष का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**एडमिट कार्ड जारी, भर्ती रैली 10 जनवरी को धमतरी में**

# अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह भर्ती रैली दिनांक 10 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक केंद्रीय स्टेडियम धमतरी में आयोजित की जाएगी। भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पात्र उम्मीदवार भाग लेंगे। रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं एवं 8वीं पास) पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित आगामी भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित होंगे। भर्ती रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट तथा उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दिए गए हैं। भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ-साथ आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर से दूरभाष क्रमांक पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को दलालों एवं किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

# प्राथमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवी विकास मेडिकल एवं श्री मेडिकल के संस्थापक द्वारा स्वर्गीय पिता बसंत जैन के पुण्यतिथि के अवसर पर विकास जैन, श्रीमती हर्षा जैन, विजय जैन, श्रीमती मंजू जैन, ओजस्वी जैन सहित अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को खीर, पुड़ी, केला, चावल, दाल, छोले चना मसाला परोस कर न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सामूहिकता, सामाजिक सहभागिता एवं पोषण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एबीईओ, राजू श्रीवास्तव रिटायर्ड प्राचार्य, संस्था प्रमुख सीडी भट्ट एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने बच्चों के साथ भोजन कर उन्हें स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया तथा नेवता भोज की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि न्योता भोज से बच्चों में आपसी सहयोग, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने सहयोग के लिए सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चों ने स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण किया। आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल रहा।

